आर.एन.आई.नं. RAJBIL/2010/52404

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्ण शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्य्, वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥

# सेवा सौभाग्य

मूल्य » 5 वर्ष » 13 अंक » 146 मुद्रण तारीख » फरवरी 2024 कुल पृष्ठ » 20



## अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड सेवा सम्मान समारोह

सेवा मनीषियों को अनुपम खेर ने किया सम्मानित




| | | |
|---|---|---|
| Bank Name | : | State Bank of India |
| Account Name | : | Narayan Seva Sansthan |
| Account Number | : | 31505501196 |
| IFSC Code | : | SBIN0011406 |
| Branch | : | Hiran Magri, Sector No.4, Udaipur-313001 |

Donate via UPI

Google Pay PhonePe Paytm

narayanseva@sbi

मूल्य » 5 वर्ष » 13 अंक » 146 मुद्रण तारीख » फरवरी 2024 कुल पृष्ठ » 20

# सेवा सौभाग्य

NARAYAN SEVA SANSTHAN
SINCE 1985
Nar Seva Narayan Seva

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालयः 483, 'सेवाधाम' सेवा नगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.) 313002, भारत
» फोन नं. +91-294-6622222, वाट्सऐपः +91-7023509999

## इस माह सेवा अंक



06




08




10




14



15

सम्पादक मंडलः मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल, सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
सहयोग » विष्णु शर्मा हितैषी-भगवान प्रसाद गौड़, डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

Seva Soubhagya Print Date 1 February, 2024 Registered Newspaper No. RAJBIL/2010/52404 Postal Reg. No. RJ/UD/29-146/2023-2025. Despatch Date 1st to 7th of every month, Chetak Circle Post Office, Udaipur, Published by Sole-Owner, Publisher and Chief Editor Prashant Agarwal from Sevadham, Hiran Magri, Sector-4, Udaipur - 313002 (Raj) Printed at Newtrack Offset Private Limited, Udaipur. Total pages- 20 ( No. of copies printed 1,50,000) cost- Rs.5/-

# सेवा में संतोष

– सेवक प्रशांत भैया

**दुःखी का दूर करके जो संतोष और खुशी मिलती है, वही अक्षय कमाई है। जन्म-जन्मातर सफल हो जाते हैं। जिस हृदय में गरीब, पीड़ित, निराश्रित और दुःखी के लिए संवेदना, करूणा और सहायता का भाव न हो, वह निष्ठुर है। ऐसा जीवन सार्थक नही हो सकता। जीवन वहीं सफल है, जो प्राणीमात्र के हितार्थ समर्पित हो।**

मनुष्य ईश्वर की श्रेष्ठ कृति है। सत्कर्म करते हुए जीना ही इसका लक्ष्य होना चाहिए। जीवन मात्र भोग के लिए नहीं भोग तो जन्म-मरण के चक्र में फंसाकर बहुमूल्य जीवन को व्यर्थ ही कर देता है। इसलिए संसार के बंधनों से हटने के लिए परम- पिता परमात्मा की कृपा का ही उपक्रम होना चाहिए। जीना एक कला भी है और तपस्या भी। जीना वही सार्थक है, जो दूसरों के जीवन को भी आनंद रस से सराबोर कर दे। समाज के सुखी होने में ही व्यक्ति का सुख निहीत है। जब तक समाज में एक भी अशक्त, दीन-हीन, पीड़ित और निराश्रित है, तब तक कोई कैसे सुखी हो सकता है। अपेक्षाओं की कामना से जीवन बोझिल होता जाएगा जबकि परमार्थ के मार्ग पर चलते हुए जो पुष्प हम चुनेंगे, वे जीवन को महका देंगे। जब कमजोर और पीड़ित को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए हम आगे बढ़ेंगे तो प्रभु कृपा से सुख-समृद्धि स्वतः द्वार पर दस्तक देने लगेगी। नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों के साथ आज जो सहृदयी महानुभाव जुड़कर सेवा कार्य में संलग्न हैं, उन्हें परमात्मा देख रहे हैं। जैसे फल में समाहित बीज को हम बाहर से नहीं देख पाते। परमात्मा को भी भले ही हम न देख पाएं लेकिन उनकी दृष्टि हम पर निकटता से रहती है। परमात्मा परोपकार से प्रसन्न होते हैं। निश्चित रूप से आप भी जब किसी निःशक्त और अंगविहीन भाई- बहिन के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाते हैं, तो निश्चय ही परम सन्तोष का अनुभव होता होगा। आपके इसी सेवा- भाव से संस्थान को भारत सरकार ने एक बार फिर सराहा और दिव्यांगजन के समग्र विकास-पुनर्वास के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कृत किया। उसके लिए आप बधाई के पात्र है। यह पुरस्कार आपको सादर समर्पित है। आपका आशीर्वाद बना रहे।





# प्रकृतिः परमार्थ का संदेश

मनुष्य जीवन वहीं सार्थक और सफल है, जिसमें परोपकार के भाव हैं। प्रकृति को देखिए, उसका हर पल परमार्थ के लिए है। पृथ्वी अपने गर्भ से अमूल्य और बहुपयोगी खनिज प्रदान कर रही है, नदियां अनवरत बहते हुए प्राणिमात्र की प्यास बुझा रही हैं, उन्हीं के प्रवाह से खेतों में अन्न लहलहा रहा है। सूर्य प्रकाश और उर्जा दे रहा है। वृक्ष रसीले फल दे रहे हैं। प्राणी की हर श्वांस वायु की आभारी है। क्या हम अपनी सामर्थ्य का ऐसा सदुपयोग कर पा रहे हैं? जब कि प्रभु कृपा से ही उसकी प्राप्ति हो रही है। इस पर हमें चिंतन करना चाहिए। यदि हमारा पड़ौसी दु:खी है तो हमें सुख का अनुभव कैसे हो पाएगा? जिंदगी सुख-दु:ख के दो पहियों पर ही आगे बढ़ती है। इन दोनों ही स्थितियों में व्यक्ति को समभाव रहते हुए दूसरों की कुशलक्षेम का ध्यान रखना ही चाहिए । अपने दु:ख को भुलाने का सबसे अच्छा विकल्प किसी और दु:खी की अपनी सामर्थ्य के अनुसार मदद करना है। अपने पास जो कुछ भी धन- संसाधन हैं, वे प्रभु कृपा से प्राप्त हुए हैं, दुखियों, पीड़ितों और जरूरतमंदों की उनसे सहायता करने पर वे कम होने वाले नहीं हैं। वसंत ऋतु का आगमन हो चुका है, आप देखेंगे कि वृक्ष अपने पल्लव इस ऋतु को दान कर देंगे। कुछ ही दिनों में उन वृक्षों की शाखाओं पर फिर कोंपले फूटेगी और वृक्ष नव पल्लव से मालामाल हो जाएंगे। ऐसा ही लक्ष्मी का विधान है, वे उन्हीं पर अधिक प्रसन्न और मेहरबान होती हैं, जो सज्जन अपने व परिवार की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के बाद शेष धन का एक अंश पीड़ितों, असहायों और समाज की बेहतरी के लिए समर्पित करते हैं। जिस तरह बहते नीर को निर्मल माना गया है, उसी तरह सद्‌कार्यों में धन के गतिशील रहने में ही उसकी शुद्धता है। परोपकार और दान एक ऐसी साधना पद्धति है, जिसके माध्यम से हम अपने आप में अनेक आध्यात्मिक, मानसिक एवं चारित्रिक गुण और विशेषताओं का अर्जन कर सकते हैं।

अमेरिका प्रवास के दौरान स्वामी विवेकानंद जी जिस घर में ठहरे थे वहां भोजन अपने हाथों से ही बनाते थे। वह बाहर से लौट कर आए और स्नान -ध्यान कर भोजन बनाया और प्रभु को भोग लगाने के बाद स्वयं भोजन करने बैठे ही थे कि पड़ौस के कुछ बच्चे आ गए। बच्चे भूखे थे। यह स्वामी जी ने ताड़ लिया। सभी रोटियां उन्होंने बच्चों में बांट दी। घर की मालकिन ने जब यह देखा तो बोली -दिन भर के थके हारे हो, यह क्या किया? स्वामी जी मुस्कुराए और बोले - 'माता रोटी तो पेट की ज्वाला शांत करने वाली ही तो वस्तु है। इस पेट में नहीं, उस पेट में ही सही'।

–श्री कैलाश 'मानव'

# भूमि के जीवन में खुशी की लहर

बायां पांव दांए पांव से जन्मजात करीब 10 इंच छोटा था। जिससे उठने, बैठने व चलने में न केवल परेशानी होती थी, बल्कि दूसरे पांव के भी घुटने से नाकाम होने की आशंका थी। चलने-फिरने में असमर्थ भूमि यादव (5) राजस्थान के नीम का थाना की रहने वाली है। दादा शेषराम यादव बताते हैं कि परिवार में बेटी के जन्म से सभी बहुत खुश थे लेकिन यह खुशी स्थाई नहीं रही। जब पता चला कि जन्म से ही बेटी का एक पांव छोटा है तो काफी दुःख पहुंचा। पर नियति के आगे कर भी क्या सकते थे। आंसू बहाते बेटी की परवरिश में लग गए। उपचार सम्भव नहीं था। इसी बीच नारायण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क





कृत्रिम अंग वितरण एवं पोलियो सुधारात्मक सर्जरी चयन शिविर की जानकारी मिली तो कुछ आस जगी। संस्थान की जानकारी जुटा बिना समय गवाएं 5 नवंबर 2023 को दादा-दादी भूमि को उदयपुर स्थित संस्थान ले आए। जहां संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जांच कर पांव का माप लिया। 9 नवंबर को उच्च गुणवत्ता युक्त नारायण लिम्ब तैयार कर पहनाया, साथ ही चलने-फिरने का अभ्यास करवाया गया। जिसके बाद भूमि अब बिना किसी सहारे आराम से खड़ी हो अपने पैरों पर चलने लगी है। बेटी को चलते-फिरते और खेलते देख परिजन बहुत प्रसन्न हैं। वे कहते हैं कि संस्थान ने अंधेरा दूर कर बेटी का भविष्य रोशन कर दिया है।

# खड़ी हुई घिसटती जिंदगी

जन्म के इक्कीस वर्ष बाद घिसटती जिंदगी से मुक्ति प्राप्त कर संजू पहली बार अपने बल पर दोनों पैरों पर खड़ी होकर चलने ही नहीं लगी बल्कि आत्मनिर्भर भी बनी।

मंदसौर (म.प्र.) की संजू सोलंकी (22) बताती हैं कि जन्म के एक साल बाद ही अचानक पोलियो ने जकड़ कर न सिर्फ बचपन की मस्ती को छीन लिया बल्कि उम्र के सोपान चढ़ते चलना -फिरने से भी महरूम कर दिया। जमीन पर घिसटते -रेंगते जीने को मजबूर थी। माता-पिता ने उपचार के हर सम्भव प्रयास किए लेकिन कहीं से भी संतोषजनक राहत नहीं मिली। दूसरी तरफ बेटी की पीड़ा और भविष्य को लेकर माता-पिता को चिंता खाए जा रही थी। लोगों के ताने भी दिल में तीर की तरह चुभते थे। इसी बीच एक दिन सोशल मीडिया से नारायण सेवा संस्थान के बारे में जानकारी मिली, उदयपुर स्थित संस्थान आने पर उसके दोनों पांवों की निःशुल्क सर्जरी हुई करीब दो माह बाद कैलिपर्स के सहारे पहली बार चलना भी शुरू किया। इसी दौरान आत्मनिर्भर बनाने के भाव रखते हुए संस्थान से ही निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। जिससे उसके जीवन को एक नई दिशा मिली। अब वह पूरी तरह खुश है और उसका हर दिन कम्प्यूटर पर अंगुलिया चलाते बितता है। उससे इतनी आमदनी कर लेती है, जिससे न सिर्फ उसकी जरूरतें पूरी हों, बल्कि घर खर्च में भी सहायता मिले।



ऑपरेशन के बाद


ऑपरेशन के पहले


ऑपरेशन

परिजन बताते हैं कि संस्थान ने बेटी को अपने पैरों पर खड़ा कर आत्मनिर्भर बनाया। हमारे पास आभार व्यक्त करने के लिए कोई शब्द नहीं है। बस इतना ही कहेंगे कि संस्थान ने पूरे परिवार को एक नया जीवन दिया है।

अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह - 2023

# सेवा मनीषियों को अनुपम खेर ने किया सम्मानित

नारायण सेवा संस्थान का अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह 25 दिसम्बर 2023 को सेवा महातीर्थ, लियों का गुड़ा, बड़ी में सम्पन्न हुआ। दुर्घटना में अंगहीन हुए दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाने में बहुमूल्य योगदान देने वाले 31 दानी सज्जनों को सिने जगत के मशहूर कलाकार अनुपम खेर ने अवार्ड और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

संस्थान संस्थापक पूज्य गुरूदेव श्री कैलाश जी मानव ने दानी सज्जनों का स्वागत किया। अध्यक्ष सेवक प्रशान्त भैया ने खेर को संस्थान के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों से अवगत करवाया आगामी पंचवर्षीय सेवा विजन प्रस्तुत किया। अनुपम खेर ने सम्मानित होने वाले दानदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में मानवता के लिए आप सबका आगे आना और योगदान देना अनुकरणीय है। यह समाज के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा। निदेशक श्रीमती वंदना जी अग्रवाल और सुश्री पलक अग्रवाल ने अनुपम खेर का मेवाड़ी परम्परा से अभिनन्दन किया। आभार सहसंस्थापिका श्रीमती कमला देवी जी ने व्यक्त किया।










# दिव्यांगों को मिला आशीर्वाद











# लाचार जिंदगी को मिली खुशी

**पड़ौसी राष्ट्र नेपाल में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलीपर्स फिटमेंट-मेजरमेंट के दो शिविरों सहित दिसम्बर-023 में कुल दस शिविर सम्पन्न हुए। हादसों में हाथ-पैर खो देने वाले भाई-बहिनों के चेहरे कृत्रिम अंग पाकर खिल उठे, अब वे बिना किसी सहारे खुद पांवों पर चलकर जीवन को सुचारू कर सकेंगे। इन शिविरों में करीब 1200 दिव्यांग लाभान्वित हुए।**



अंग लगने से पहले



अंग लगने के बाद

**वलसाड़** – श्री सौराष्ट्र कडना पाटीदार, सेवा समाज सेवी भवन वलसाड़ (गुजरात) में उमिया सोशयल ट्रष्ट के सौजन्य से 3 दिसम्बर को विशाल निःशुल्क दिव्यांग जांच-चयन लिम्ब व कैलीपर माप शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमें 126 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। पी एन्ड ओ डॉ. नेहा अग्निहोत्री की टीम ने 85 के कृत्रिम अंग व 17 के कैलीपर बनाने का माप लिया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती क्षिप्रा आग्रे थीं। अध्यक्षता समाज कल्याण अधिकारी श्री वी.एम. गोहिल ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री काडू भाई चिखलिया, अशोक भाई पटेल, प्रियुंश संतोकी, पराग आरदेशणा, पारस कालावड़िया, कर्नल जेल्सन, डॉ. रवि पटेल व डॉ.जेविन जमेरिया थे। शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा व सूरत आश्रम के प्रभारी अचल सिंह भाटी ने अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया।

**करनाल** - स्व.देवराज जी गर्ग, नरवाना की पुण्य स्मृति में संस्थान शाखा करनाल के तत्वावधान में 10 दिसम्बर को श्री कर्णेश्वरम् महादेव मंदिर सेक्टर-7 में आयोजित शिविर में संस्थान के पी.एंड.ओ डॉ. रामनाथ ठाकुर ने 12 दिव्यांग जन का निःशुल्क सर्जरी के लिए जब कि 73 का कृत्रिम अंग व 28 का कैलीपर बनाने के लिए चयन किया। टेक्नीशियन भगवती डांगी व प्रकाश मीणा ने मेजरमेंट की प्रक्रिया पूरी की। शिविर प्रभारी लाल सिंह भाटी के अनुसार शिविर में कुल 201 दिव्यांग भाई-बहिनों का रजिस्ट्रेशन हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री राजेश जी जायसवाल व विशिष्ट अतिथि सर्वश्री संजय जी बड़ाला, राजेश जी अधी, राजेन्द्र जी गर्ग व डॉ. सतीश पाराशर थे। अध्यक्षता 108 श्री प्रेममूर्ति जी महाराज ने की।

**बानसूर** – अग्रसेन भवन, बानसूर (राज.) में 12 दिसम्बर को संस्थान की अलवर शाखा व सक्षम संस्था बानसूर के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 25 दिव्यांगजन के कृत्रिम अंग व 20 को कैलीपर पहनाए गए। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढ़ा के अनुसार फिटमेंट का कार्य टेक्नीशियन नाथू सिंह व उनकी टीम ने किया। मुख्य अतिथि श्री योगेश यादव थे। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री आर.

एस.वर्मा (जिला संयोजक), समुद्र जी, जगदीश प्रसाद, राम सिंह शेखावत, अमर सिंह व राम निवास यादव थे।

**वाराणसी** – भारत विकास परिषद् एवं वरूणा सेवा संस्थान, वाराणसी (उप्र) के सौजन्य से 14 दिसम्बर को अशोक विहार कॉलोनी स्थित हेडगेवार पार्क में आयोजित शिविर में 62 नि:शक्तजन को 67 कृत्रिम अंग व 16 को 24 केलीपर प्रदान किए गए। कृत्रिम अंग-कैलीपर फिटमेंट का कार्य डॉ. अखिल भास्कर उपाध्याय पी.एण्ड.ओ टीम ने किया। मुख्य अतिथि सिक्किम प्रांत के राज्यपाल श्री लक्ष्मण जी आचार्य थे। अध्यक्षता प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक डॉ. आशीष गौतम ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री विवेक सूद, रमेश ललवानी व डॉ. इन्दुसिंह थे। स्वागत शिविर प्रभारी श्री अखिलेश अग्निहोत्री ने व धन्यवाद ज्ञापन श्री सुनील श्रीवास्तव ने किया।

**अनूपगढ़** – श्री ब्राम्हण धर्मशाला, अनूपगढ़ (राज) में श्री अविनाश जी, नैनाजी डाबी, ब्राम्हण महासभा एवं परमार्थ परायण संस्थान के सहयोग से 17 दिसम्बर को सम्पन्न शिविर में 19 दिव्यांग जन के कृत्रिम अंग व 11 के कैलीपर फिट किए गए। मुख्य अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष श्री मुकेश शर्मा थे। अध्यक्षता श्री बंशीलाल सारस्वत ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री मनोज जोशी, सीताराम सारस्वत, गोपीकिशन, जेठाराम, सुभाष प्रजापत व श्रीमती माया प्रजापत थे।

**इटारसी** – रोटरी क्लब, इटारसी (मप्र) के सहयोग से जगदम्बा गार्डन में 17 दिसम्बर को आयोजित शिविर में 204 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से 97 के लिए 101 कृत्रिम अंग व 32 के लिए 65 कैलीपर बनाने का माप पी.एंड.ओ डॉ. रोली शुक्ला की टीम ने लिया। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढ़ा के अनुसार 6 दिव्यांगजन का ऑपरेशन के लिए चयन भी हुआ।

**सिरसा** – अनाज मंडी स्थित जनता भवन, सिरसा (हरियाणा) में अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम, अग्रवाल सभा एवं भीम सिंघल परिवार के सहयोग एवं संस्थान के तत्वावधान में 17 दिसम्बर को सम्पन्न शिविर में 162 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से 12 का दिव्यांगता सुधारात्मक सर्जरी के लिए चयन जब कि 56 के कृत्रिम अंग व 47 के कैलीपर बनाने का माप लिया गया। मुख्य अतिथि बाखा तारा कुटीया के मुख्य सेवक भाई गोविन्द कांडा थे। अध्यक्षता अग्रोहा धाम के अध्यक्ष श्री बजरंग दास गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री अनिल सर्राफ, अश्विनी बंसल, भीम

## आपके सहयोग से खिले दु:खी चेहरे



अंग लगने से पहले



अंग लगने के बाद








सिंगला, प्रो. गणेशी लाल, महेश सिंगला,मोहन शीशेवाले, संजीव गोयल, सतीश हिसारिया, महेश सुरेका, प्रेम कंदोई व श्रीमती अंजली कनोडिया थीं। अतिथियों का स्वागत- सम्मान शिविर प्रभारी श्री लाल सिंह भाटी ने किया।

**भयंदर** – संस्थान की भयंदर (मुम्बई) शाखा के तत्वावधान में ओस्तवाल वाटिका स्थित समता भवन में 24 दिसम्बर को सम्पन्न शिविर में 95 दिव्यांगजन का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिनमें से 33 का कृत्रिम अंग, 46 कैलीपर व 6 का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री उमराव सिंह जी ओस्तवाल थे। अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मीरादेवी ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्री नरेंद्र मेहता, शाखा संयोजक श्री राजेन्द्र चांडक, श्री कमल लोढ़ा, श्री किशोर जैन एवं सहसंयोजक श्रीमती कुसुम शर्मा थीं। अतिथियों का स्वागत-सम्मान शिविर प्रभारी मुकेश शर्मा व आश्रम प्रभारी मुकेश सेन ने किया।

**झापा** – नेपाल राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा संगठन, झापा (नेपाल) के सहयोग से अग्रसेन भवन, बिर्तामोड में 25 दिसम्बर को नारायण कृत्रिम एवं कैलीपर्स फिटमेंट शिविर में 64 दिव्यांग जन के 67 कृत्रिम अंग व 3 के 4 केलीपर फिट किए गए। मुख्य अतिथि सांसद एकराज कार्की व विशिष्ट अतिथि सर्वश्री मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष मारवाड़ी युवा संगठन, टेकेन्द्र अग्रवाल, यज्ञराज अग्रवाल व रिशम मित्तल थे। अतिथियों का स्वागत श्री हरिप्रसाद लढ्ढा व संचालन गाजियाबाद आश्रम प्रभारी श्री भंवर सिंह राठौड़ ने किया।

**लहान** – मारवाड़ी सेवा सदन, लहान (नेपाल) में 27 दिसम्बर को सम्पन्न शिविर में 128 दिव्यांगजन को 138 कृत्रिम अंग व 2 कैलीपर वितरित हुए। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री मथेश जी थे। अध्यक्षता मेयर श्री महेश प्रसाद चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि सर्वश्री राजेन्द्र देव पाण्डेय, टेक बहादुर लिम्स, मनोज अग्रवाल, योगराज अग्रवाल, विकास सारद्वा व गोपाल अग्रवाल थे।

# राष्ट्रीय संतों को चातुर्मास समापन पर विदाई



राष्ट्रीय संत द्वय श्री ललितप्रभ सागर जी व श्री चन्द्रप्रभ सागर जी तथा मुनि शांतिप्रिय के उदयपुर में चातुर्मास समापन पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने टाउन हॉल में सम्पन्न समारोह में सतंद्वय से मेवाड़वासियों पर आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि श्री ललित प्रभ सागर जी ने इससे पूर्व संस्थान का अवलोकन कर दिव्यांगजन को आशीर्वाद प्रदान किया था।

## फिजी की मुख्य सिटी सुवा, लुटोका, नेंदी व बा के दानवीरों का हार्दिक आभार



श्री कांति लाल पुंजा लुटोका, फिजी



शास्त्री जगदीश भट्ट सुवा, फिजी



श्री डेनिस और परिवार, सुवा, फिजी



श्री महेश भाई एवं परिवार, बा, फिजी



श्री ऋषि राम एवं परिवार, बा, फिजी



श्री विनोद पी पटेल, बा, सुवा, फिजी



श्री मोहन भाई, नवुआ, फिजी



शास्त्री हितेन्द्र जी लुटोका, फिजी



श्री जीतेन्द्र कुमार मिस्त्री, नवुआ, फिजी



श्री पं. जगदीश भाई भट्ट, सुवा, फिजी



श्री जयंती मेघजी लुटोका, फिजी



श्री राकेश मिस्त्री एवं मित्र, बा, फिजी



श्री सुरेन पदारथ लुटोका, फिजी



श्री कमलजीत सिंह सुवा, फिजी



श्री यश कुमार, लुटोका, फिजी





# उखलियात में चिकित्सा एवं सहायता शिविर

संस्थान का 18 दिसंबर को उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र उखलियात में निःशुल्क चिकित्सा-जांच,दवाई वितरण एवं सहायता शिविर सम्पन्न हुआ।

संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशान्त भैया के निर्देश पर 'सुकून भरी सर्दी' अभियान के तहत निदेशक श्रीमती वन्दना जी अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल शिविर में 202 बच्चों, महिलाओं व लोगों का मेडिकल चेकअप हुआ और उन्हें निःशुल्क दवाईयाँ दी गई। शिविर में करीब 1600 आदिवासी जन आए। इस दौरान 500 स्वेटर, 500 कम्बल, 500 बच्चों को ड्रेस,जूते,मौजे,लुगड़ी,धोती और बिस्किट के साथ सभी को भोजन कराया गया। बच्चों को नहला धुलाकर साफ स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। तंजानिया से आए सेवा मनीषी श्री भरत भाई परमार और श्रीमती वैशाली परमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर कैंप में शिरकत की। वे संस्थान से कई वर्ष से जुड़े हैं दार-ए -सलाम में दो आर्टिफिशियल लिम्ब शिविर आयोजित करवा चुके हैं। उनके माध्यम से तंजानिया के 500 से अधिक दुर्घटनाग्रस्त दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर मिले। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए मदद का भी भरोसा दिया। संचालन महिम जैन ने किया। व्यवस्था में रविश कावड़िया व नरेन्द्र सिंह चौहान का सहयोग रहा।

## दानवीरों का हार्दिक आभार



स्व. मनिकबेन मंगलभाई पटेल
अंबासन ( गुजरात )



स्व. पन्नाबेन अजयभाई शाह
मणिनगर ( गुजरात )



स्व. धर्मचन्द जग्गी
आगरा ( उ.प्र. )









# झीनी झीनी रोशनी ५७

ऐसे संकल्प के बावजूद जब सभी छः पेपरों की पढ़ाई पूरी हो जाती तो सातवें पेपर की किताबों उन्हें ललचाती। वे जी कड़ा कर उनकी तरफ से ध्यान हटाने की कोशिश करते मगर फिसल ही जाते और ये किताबों उठा कर उलटने-पलटने लगते, इस प्रक्रिया में कब वे ये किताबें पढ़ने लगते उन्हें पता ही नहीं चलता।











दोनों ने 6 पेपर खुशी-खुशी दे दिये। सातवें पेपर की भी परीक्षा होने वाली थी, कैलाश जी को लगने लगा कि सातवें पेपर की परीक्षा देने में भी हानि क्या है, तैयारी है नहीं, फेल तो होना ही है, दो साल बाद वापस दे देंगे। ऐसे विचारों के बावजूद वे अपना मन कड़ा कर रहे थे कि परीक्षा नहीं दें मगर जैसे कोई अदृश्य शक्ति उन्हें खींच कर ले जा रही थी, वे परीक्षा देने पहुंच गए। पेपर आया,दस मिनट तक तो उन्होंने अपना पेन ही नहीं खोला, फिर धीरे-धीरे कुछ लिखने लगे। पेपर 100 अंकों का था, उत्तीर्ण होने के लिये न्यूनतम 40 अंक लाना अनिवार्य था। उन्होंने 30 अंकों के ही प्रश्नों के उत्तर दिये ताकि यह निश्चित हो जाए कि वे उत्तीर्ण नहीं हों। पौन घन्टे में ही वे अपनी कॉपी लौटा कर परीक्षा भवन से बाहर आ गए। वे प्रसन्न थे, पेपर सरल ही था, उन्होंने पूरे उत्तर नहीं दिये थे इसलिए पास होने का सवाल ही नहीं था। इसी बहाने आई.पी.ओ. की नौकरी 2-3 साल और चल जायेगी। परीक्षा देकर वे वापस सरदारशहर लौट आये। तार प्रशिक्षण व उनकी परीक्षा भी हो चुकी थी, जे.ए.ओ. जूनियर एकाउन्ट्स ऑफिसर की परीक्षा भी दे दी। पुनः वे अपने दैनन्दिन कार्यों में संलिप्त हो गये। इन्सपेक्शन के लिये आये दिन इधर-उधर जाना ही पड़ता था, अब वे जहां भी जाते वहां घंटे भर के सत्संग का आयोजन शुरू कर दिया। क्रमशः

# भारत में संचालित संस्थान की शाखाएं

## राजस्थान

### पाली
श्री कान्तिलाल मूथा,07014349307
31, गुलजार चौक, पाली मारवाड़

.......................................

श्री मनोज कुमार मेहता,
मो.-09468901402
मकान नं. 5डी-64, हाउसिंग बोर्ड जोधपुर रोड के पास, पानी की टंकी, पाली

### भीलवाड़ा
श्री शिव नारायण अग्रवाल
09829769960 C/o नीलकण्ठ पेपर स्टोर, L.N.T. रोड, भीलवाड़ा-311001

### बहरोड़
डॉ. अरविन्द गोस्वामी,09887488363
'गोस्वामी सदन' पुराने हॉस्पीटल के सामने बहरोड़, अलवर (राज.)
श्री भुवनेश रोहिल्ला,मो. 8952859514, लेडिज फैशन पोईन्ट, न्यू बस स्टैण्ड के सामने यादव धर्मशाला के पास, बहरोड़, अलवर

### अलवर
श्री आर.एस. वर्मा, 07300227428
के.वी. पब्लिक स्कूल,
35 लादिया,बाग अलवर

### जयपुर
श्री नन्द किशोर बत्रा,09828242497
5-C, उन्नति एन्क्लेव, शिवपुरी, कालवाड़ रोड़,झोटवाड़ा, जयपुर 302012

### अजमेर
श्री सत्य नारायण कुमावत,09166190962
कुमावत कॉलोनी, आर्य समाज के पीछे, मदनगंज,किशनगढ़, अजमेर

### बूंदी
श्री गिरिधर गोपाल गुप्ता,09829960811,
ए.14, 'गिरधर-धाम', न्यू मानसरोवर कॉलोनी, चित्तौड़ रोड़, बून्दी

## झारखण्ड

### हजारीबाग
श्री डूंगरमल जैन,मो.-09113733141
C/o पारस फूड्स, अखण्ड ज्योति ज्ञान केन्द्र, मेन रोड़ सदर थाना गली, हजारीबाग

.......................................

श्री भगवानदास गुप्ता-09234894171
07677373093 गांव-नापो खुर्द,पो.-गोसाई बलिया,जिला-हजारीबाग

### रामगढ़
श्री जोगिन्दर सिंह जग्गी,मो. 7992262641
44ए, छोटकी मुरीम, नजदीक उमा इन्सीट्यूट राजीव सिनेमा रोड़, बिजुलिया, रामगढ़

### धनबाद
श्री गोपाल कुमार,
9430348333, आजाद नगर, भूलीनगर

## गोवा

### गोवा
श्री अमृत लाल दोषी,मो. 07798917888
'दोषी निवास' जैन मन्दिर के पास, पजीफोन्ड, मडगांव गोवा-403601

## मध्य प्रदेश

### उज्जैन
श्री गुलाब सिंह चौहान
मो. 09981738805, गाँव एवं पो. इन्गोरिया, उज्जैन 456222

### रतलाम
श्री चन्द्र पाल गुप्ता
मो. 9752492233,मकान नं. 344, काटजूनगर, रतलाम

### जबलपुर
श्री आर. के. तिवारी,मो. 9926660739
मकान नं. 133, गली नं. 2, समदड़िया ग्रीन सिटी,माढ़ोताल, जिला - जबलपुर

### मन्दसौर
श्री मनोहर सिंह देवड़ा
मो. 9753810864,म.नं. 153, वार्ड नं. 6, ग्राम-गुराड़िया,पोस्ट-गुराड़ियादेदा, जिला - मन्दसौर

### भोपाल
श्री विष्णु शरण सक्सेना
मो. 09425050136, ए-3/302, विष्णु हाईटेक सिटी, अहमदपुर
रेल्वे क्रोसिंग के सामने, बावड़िया कलाँ, होशंगाबाद रोड़ जिला - भोपाल

### बखतगढ़
श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,08989609714,
बखतगढ, त.-बदनावर,जि.-धार

## हरियाणा

### कैथल
डॉ. विवेक गर्ग,मो. 9996990807,गर्ग मनोरोग एवं दांतो का हस्पताल के अन्दर पद्मा मॉल के सामने करनाल रोड़, कैथल

.......................................

श्री सतपाल मंगला
मो. 09812003662-3
68-ए, नई अनाज मंडी, कैथल

### सिरसा
श्री सतीश मेहता मो. 9728300055
म.न.-705, से.-20,पार्ट-द्वितीय,सिरसा

### जुलाना मण्डी
श्री मनोज जिन्दल मो. 9813707878,108 अनाज मण्डी, जुलाना,जींद

### पलवल
श्री वीर सिंह चौहान मो.9991500251
विला नं. 228, ओमेक्स सिटी, सेक्टर-14, पलवल

### फरीदाबाद
श्री नवल किशोर गुप्ता
मो. 09873722657, कश्मीर स्टेशनरी स्टोर, दुकान नं. 1डी/12, एन.आई.टी., फरीदाबाद, हरियाणा

### करनाल
श्री सतीश शर्मा,मो. 09416121278
म.नं. 886, सेक्टर-7, अरबन एस्टेट करनाल

### अम्बाला
श्री मुकुट बिहारी कपूर,मो. 08929930548
मकान नं.- 3791, ओल्ड सब्जी मण्डी, अम्बाला केन्ट-133001

.......................................

श्रीमान अजीत कुमार जी शास्त्री (क्लॉथ मर्चेन्ट)
9416367996
चन्द्रभान वाली गली, गांव व पोस्ट-शहजादपुर
तहसील-नारायणगढ़
जिला-अम्बाला-134202

### नरवाना
श्री राजेन्द्र पाल गर्ग
मो. 09728941014
165-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नरवाना, जीन्द

## महाराष्ट्र

### आकोला
श्री हरिश जी, मो.नं. - 9422939767
आकोट मोटर स्टेण्ड, आकोला

### परभणी
श्रीमती मंजु दरड़ा-मो. 09422876343

### नांदेड़
श्री विनोद लिंबा राठोड,07719966739
जय भवानी पेट्रोलियम,मु. पो. सारखानी, किनवट, जिला - नांदेड़

### पाचोरा
श्री सीताराम जी-मो. 9422775375

### मुम्बई
श्रीमती रानी दुलानी,न.-028847991
9029643708,10-बी/बी, वाईसराय पार्क,ठाकुर विलेज कान्दीवली,मुम्बई

.......................................

श्री प्रेम सागर गुप्ता ,मो. 9323101733
सी-5, राजविला, बी.पी.एस. 2 क्रोस रोड़,वेस्ट मुलुंड, मुम्बई

### भायंदर
श्री कमलचंद लोढा, मो. 8080083655
ए/103, 'देव आंगन' जैन मन्दिर रोड़ बावन जिनालय मन्दिर के पास, भायंदर (पश्चिम) ठाणे-401101

### बोरीवली
श्री प्रवीण भाई गिरधर भाई परमार
मो. 9869534173
फ्लेट नं. 708, क्वार्टर रोड नं. 5
श्री अम्बे सोसायटी, रायडूंगरी, बी-विंग बोरीवली (ई.) 400066

## हिमाचल प्रदेश

### हमीरपुर
श्री ज्ञानचन्द शर्मा,मो. 09418419030
गाँव व पोस्ट - बिघरी, त. बदसर
जिला हमीरपुर - 176040

.......................................

श्री रसील सिंह मनकोटिया
मो. 09418061161, जामलीधाम, पोस्ट-रोपा, जिला-हमीरपुर-177001

## गुजरात

### अहमदाबाद
श्री योगेन्द्र प्रताप राघव,मो. 09274595349
म.नं.: बी-77, गोल्डन बंग्लो, नाना चिलोड़ा, अहमदाबाद

## उत्तर प्रदेश

### बरेली
श्री कुंवरपाल सिंह पुंढीर
मो. 9458681074,विकास पब्लिक स्कूल के पीछे, स्वरूप नगर (चहवाई) जिला-बरेली

.......................................

श्री विजय नारायण शुक्ला
मो. 7060909449,मकान नं.22/10, सी.बी.गंज, लेबर इण्डस्ट्रीयल कॉलोनी बरेली

### भदोही
श्री अनूप कुमार बरनवाल,
मो.7668765141,शिव मन्दिर के पास, मैन मार्केट, खमरिया, जिला भदोही, 221306

### हाथरस
श्री दास बृजेन्द,मो.-09720890047
दीनकुटी सत्संग भवन,सादाबाद

### हापुड़
श्री मनोज कंसल मो.-09927001112,
डिलाइट टैन्ट हाऊस,कबाड़ी बाजार,हापुड़

### गजरौला, अमरोहा
श्री अजय एवं श्रीमती आरती शर्मा
मो.-08791269705
बांके बिहारी सदन, कालरा स्टेट, गजरौला, अमरोहा-244235

## छत्तीसगढ़

### दीपका, कोरबा
श्री सूरजमल अग्रवाल,मो. 09425536801

.......................................

श्री देवनाथ साहू,मो. 09229429407
गांव- बेला कछार, मु.पो. बालको नगर, जिला-कोरबा

### बिलासपुर
डॉ. योगेश गुप्ता,मो.-09827954009
श्रीमन्दिर के पास, रिंग रोड़ नं. 2, शान्ति नगर, बिलासपुर

### बालोद
श्री बाबूलाल संजयकुमार जैन
मो. 9425525000,रामदेव चौक बालोद, जिला-बालोद

## जम्मू/कश्मीर

### जम्मू
श्री जगदीश राज गुप्ता,मो. 09419200395
गुरू आशीर्वाद कुटीर, 52-सी
अपर शिव शक्ति नगर जम्मु-180001

### डोडा
श्री विक्रम सिंह व नीलम जी कोतवाल
मो. 09419175813, 08082024587
ग्वाड़ी, उदराना, त. भद्रवा, डोडा

## दिल्ली

### शाहदरा
श्री विशाल अरोड़ा-8447154011
श्रीमान रविशंकर जी अरोड़ा-9810774473
मैसर्स शालीमार ड्राइक्लीनर्स
IV/1461 गली नं. 2 शालीमार पार्क, D.C.B. ऑफिस के पास,शाहदरा

# नारायण दिव्यांग सहायता केन्द्र

## महाराष्ट्र

### मुम्बई
07073452174, 09529920088
07073474438, मकान नं. 06/103, ग्राउण्ड फ्लोर, ओम मणिकांत सी.एच.एस., लिमिटेड शास्त्री नगर, रोड-1, गोरेगांव पश्चिम मुम्बई-400104

### पूणे
09529920093
17/153 मेन रोड, गणेश सुपर मार्केट गोखले नगर, पूणे-16

## राजस्थान

### जोधपुर
08306004821
जूनी बागर, महामन्दिर जोधपुर ( राज ) 342001

### कोटा
07023101172
नारायण सेवा संस्थान, मकान नं.2-वी-5 तलवंडी, कोटा ( राज. ) 324005

## मध्य प्रदेश

### ग्वालियर
07412060406, 41 ए ,न्यू शांति नगर, त्रिवेदी नर्सिंग होम के पीछे,नई सडक, लश्कर,ग्वालियर 474001

## हरियाणा

### चण्डीगढ़
070734 52176
म.नं.-3658,सेक्टर-46/सी,चण्डीगढ़

### गुरूग्राम
08306004802, हाउस नं.-1936 जीए,गली नं.-10,राजीव नगर ईस्ट, माता रोड़, सी.आर.पी.एफ. केम्प चौक,गुरुग्राम -122001

### हिसार
7727868019,मकान न. 2249, सेक्टर-14,हिसार 125005

## वेस्ट बंगाल

### कोलकाता
09529920097,मकान नं.- 216, बांगुर एवेन्यू, ब्लॉक-बी, ग्राउण्ड फ्लोर, कोलकाता ( पश्चिम बंगाल ) पिन कोड-700055

## पंजाब

### लुधियाना
07023101153
50/30-ए, राम गली, नौरीमल बाग भारत नगर, लुधियाना ( पंजाब )

## उत्तर प्रदेश

### प्रयागराज
09351230393, म.न . 78/बी, मोहत सिंह गंज, प्रयागराज -211003

### मेरठ
08306004811, 38, श्री राम पैलेस, दिल्ली रोड,नियर सब्जी मंडी, माधव पुरम,मेरठ 250002

### लखनऊ
09351230395
551/च/157 नियर केला गोदाम, डॉ. निगम के पास, जय प्रकाश नगर आलम बाग, लखनऊ

## (कर्नाटक)

### बेंगलुरू
09341200200,नारायण सेवा संस्थान 40 ( 12 ) प्रथम फ्लोर, मॉडल हाउस कॉलोनी, अपोजिट समना पार्क, एनआर कॉलोनी, बसवानगुड़ी, बेंगलुरु-560004

## बिहार

### पटना
मकान नं.-23, किताब भवन रोड नॉर्थ एस.के. पुरी, पटना-13

## गुजरात

### सूरत
09529920082,
27, सम्राट टाऊनशिप,सम्राट स्कूल के पास, परवत पाटीया, सूरत

### वडोदरा
मो.: 9529920081 म. नं.: 1298, वैकुंठ समाज, श्री अम्बे स्कूल के पास, वाघोड़िया रोड, वडोदरा -390019

### अहमदाबाद
मो.: 9529920080 म. नं.: बी 11, बसंत बहार फ्लेट, राजस्थान हॉस्पीटल के पीछे, शाहीबाग, अहमदाबाद 380004

## दिल्ली

### रोहिणी
08588835718, 08588835719
नारायण सेवा संस्थान,बी-4/232 ,शिव शक्ति मंदिर के पास,सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली -110085

### जनकपुरी, नई दिल्ली
07023101156, 7023101167
सी1/212, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

# नारायण नि:शुल्क फिजियोथेरैपी सेन्टर

## राजस्थान

### जयपुर
9529920089, बद्रीनारायण वैद फिजियोथेरेपी हॉस्पीटल एण्ड रिचर्स सेन्टर बी-50-51 सनराईज सिटी,मोक्ष मार्ग, निवारू झोटवाड़ा,जयपुर

प्लोट नं. डी-17, एफ-2, आदर्श रेजीडेंसी उमापथ, रामनगर, सोडाला, जयपुर
मो.नं.: 8696002432

## उत्तर प्रदेश

### हाथरस
07023101169
एलआईसी बिल्डिंग के नीचे, अलीगढ़ रोड, हाथरस

### मथुरा
07023101163, नारायण सेवा संस्थान 68-डी, राधिका धाम के पास, कृष्णा नगर, मथुरा 281004

### अलीगढ़
07023101169,एम.आई.जी. -48 विकास नगर, आगरा रोड,अलीगढ़

### लोनी
09529920084
श्रीमती कृष्णा मेमोरियल नि:शुल्क फिजियोथेरेपी सेन्टर, 72 शिव विहार, लोनी बन्थला, चिरोड़ी रोड ( मोक्षधाम मन्दिर ) के पास लोनी, गाजियाबाद

### गाजियाबाद
( 1 ) 07073474435
184, सेठ गोपीमल धर्मशाला केलावालान, दिल्ली गेट गाजियाबाद
( 2 ) 07073474435
श्रीमती शीला जैन नि:शुल्क फिजियोथेरपी सेंटर,बी.-350 न्यू पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद -201009

### आगरा
07023101174
मकान नंबर 8/153 ई -3 न्यू लॉयर्स कॉलोनी,नियर पानी की टंकी के पीछे, आगरा -282003 ( उ.प्र. )

## छत्तीसगढ़

### रायपुर
07869916950,मीरा जी राव, म.नं.-29/500 टीवी टावर रोड, गली नं.-2, फेस-2 श्रीरामनगर,पो.-शंकरनगर,रायपुर,छ.ग.

## गुजरात

### अहमदाबाद
9529920080
ओ.बी. 3/27 गुजरात हाउसिंग बोर्ड खोडियार मंदिर, 4 रास्ता लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम रोड, बापूनगर, अहमदाबाद-24

### राजकोट
09529920083, भगत सिंह गार्डन के सामने आकाशवाणी चौक, शिवशक्ति कॉलोनी, ब्लॉक नं. 15/2 युनिर्वसिटी रोड,राजकोट

## तेलंगाना

### हैदराबाद
09573938038,लीलावती भवन, 4-7-122/123 इसामिया बाजार, कोठी , संतोषी माता मंदिर के पास,हैदराबाद -500027

## उत्तराखण्ड

### देहरादून
07023101175, साईं लोक कॉलोनी, गांव कार्बरी ग्रांट,शिमला बाय पास रोड, देहरादून 248007

## मध्य प्रदेश

### इन्दौर
09529920087
12, चन्द्रलोक कॉलोनी खजराना रोड, इंदौर-452018

## हरियाणा

### अम्बाला
07023101160,सविता शर्मा, 669, हाऊसिंग बोर्ड कोलोनी अरबन स्टेट के पास, सेक्टर-7 अम्बाला

### कैथल
09812003662,ग्राउंड फ्लोर, गर्ग मनोरोग एवं दांतों का हॉस्पिटल, नियर पदमा सिटी माल, करनाल रोड, कैथल

## दिल्ली

### फतेहपुरी
08588835711
07073452155
6473 कटरा बरियान, अम्बर होटल के पास, फतेहपुरी,दिल्ली-6

## अपने परिजनों या स्वयं के जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि को बनाएं यादगार....

### जन्मजात पोलियोग्रस्त दिव्यांगों के ऑपरेशनार्थ सहयोग राशि

| ऑपरेशन संख्या | सहयोग राशि | ऑपरेशन संख्या | सहयोग राशि |
|---|---|---|---|
| 501 ऑपरेशन के लिए | 17,00,000 रू. | 40 ऑपरेशन के लिए | 1,51,000 रू. |
| 401 ऑपरेशन के लिए | 14,01,000 रू. | 13 ऑपरेशन के लिए | 52,500 रू. |
| 301 ऑपरेशन के लिए | 10,51,000 रू. | 5 ऑपरेशन के लिए | 21,000 रू. |
| 201 ऑपरेशन के लिए | 07,11,000 रू. | 3 ऑपरेशन के लिए | 13,000 रू. |
| 101 ऑपरेशन के लिए | 03,61,000 रू. | 1 ऑपरेशन के लिए | 5,000 रू. |

### निर्धन एवं दिव्यांगों को खिलाएं निवाला

| आजीवन भोजन/नाश्ता सहयोग मिति (वर्ष में एक दिवस 50 दिव्यांग एवं निर्धनों के लिए सहयोग हेतु मदद) | |
|---|---|
| नाश्ता एवं दोनों समय भोजन सहयोग राशि | 37,000 रू. |
| दोनों समय के भोजन की सहयोग राशि | 30,000 रू. |
| एक समय के भोजन की सहयोग राशि | 15,000 रू. |
| नाश्ता सहयोग राशि | 7,000 रू. |

### दुर्घटनाग्रस्त एवं दिव्यांगों को दें कृत्रिम अंग का उपहार

| वस्तु | एक नग सहयोग | तीन नग सहयोग | पांच नग सहयोग | ग्यारह नग सहयोग |
|---|---|---|---|---|
| तिपहिया साईकिल | 5,000 रू. | 15,000 रू. | 25,000 रू. | 55,000 रू. |
| व्हील चेयर | 4,000 रू. | 12,000 रू. | 20,000 रू. | 44,000 रू. |
| कैलिपर | 2,000 रू. | 6,000 रू. | 10,000 रू. | 22,000 रू. |
| वैशाखी | 500 रू. | 1,500 रू. | 2,500 रू. | 5,500 रू. |
| कृत्रिम अंग (हाथ–पैर) | 5,000 रू. | 15,000 रू. | 25,000 रू. | 55,000 रू. |

### गरीब को बनाएं आत्मनिर्भर

| मोबाइल/कम्प्यूटर/सिलाई/मेहन्दी प्रतिशक्षण सौजन्य राशि | |
|---|---|
| 1 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 7,500 रू. | 3 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 22,500 रू. |
| 5 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 37,500 रू. | 10 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 75,000 रू. |
| 20 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 1,50,000 रू. | 30 प्रशिक्षणार्थी सहयोग राशि 2,25,000 रू. |

### शिक्षा से वंचित आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने मे करें मदद

| | |
|---|---|
| एक बालक का 1 माह का शिक्षा सहयोग | 1,100 रू. |
| एक बालक का 1 वर्ष का शिक्षा सहयोग | 11,000 रू. |
| एक बालक का आजीवन पालनहार सहयोग (6 से 18 वर्ष) | 1,00,000 रू. |

Bank Name : State Bank of India
Account Name : Narayan Seva Sansthan
Account Number : 31505501196
IFSC Code : SBIN0011406
Branch : Hiran Magri, Sector No.4, Udaipur-313001

Donate via UPI

Google Pay PhonePe Paytm

narayanseva@sbi

अपना दान सहयोग नारायण सेवा संस्थान के नाम से संस्थान के खाते में जमा करवाकर हमें सूचित करें

# नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय





राजस्थान का कश्मीर कही जाने वाली झीलों की नगरी उदयपुर से 15 कि.मी दूर अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के आंचल में लियों का गुड़ा गांव स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय असाध्य रोगों से ग्रस्त उन महानुभावों को आरोग्य प्रदान कर रहा है जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से निराश हो चुके थे तथा इन रोगों को अपनी नियती मानकर अभिशप्त जीवन जी रहे थे। ऐसे ही निराश महानुभावों को संस्थान में पधार कर स्वास्थ लाभ लेने का सादर आमंत्रण है।

## प्राकृतिक वादियों के बीच प्राकृतिक चिकित्सा

एक बार अवश्य पधारें




Seva Soubhagya Print Date 1 February, 2024 Registered Newspaper No. RAJBIL/2010/52404 Postal Reg. No. RJ/UD/29-146/2023-2025. Despatch Date 1st to 7th of every month, Chetak Circle Post Office, Udaipur, Published by Sole-Owner, Publisher and Chief Editor Prashant Agarwal from Sevadham, Hiran Magri, Sector-4, Udaipur - 313002 (Raj) Printed at Newtrack Offset Private Limited, Udaipur. Total pages- 20 ( No. of copies printed 1,50,000) cost- Rs.5/-